ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 04-10-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-10-04 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-10-05	2024-10-06	2024-10-07	2024-10-08	2024-10-09
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	1.0
अधिकतम तापमान(से.)	37.0	36.0	36.0	36.0	36.0
न्यूनतम तापमान(से.)	26.0	26.0	25.0	25.0	25.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	54	40	30	33
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	27	22	23	22	20
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	16	12	11	12	12
पवन दिशा (डिग्री)	208	207	276	324	348
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	5	6

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना ।

सामान्य सलाहकार:

आगामी दिनों में मौसम साफ रहने की सम्भावना है। किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि खरीफ फसलों की कटाई व थ्रैसिंग का कार्य पूरा करें।

लघु संदेश सलाहकार:

09 अक्टूबर को वर्षा की सम्भावना को देखते हुए खेत में कटाई की हुई फसल को ढेर बनाकर प्लास्टिक से ढक कर रखें ।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
ग्वारफली	ग्वार की फसल पकाव अवस्था पर है अतः उचित कायिक पकाव पर कटाई कर सुरक्षित स्थान पर भंडारित करे।
सरसों	सरसों/राया की बुवाई का उपयुक्त समय सिंचित क्षेत्रों में 01 से 25 अक्टूबर तथा असिंचित क्षेत्रों में 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर है अतः सरसों/राया की बुवाई हेतु खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। उन्नत किस्मों जैसे आर.एच -30, बायो-902, आशीर्वाद, सी.एच 54,

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
	डी.आर.एम.आर.आई.जे 31 (गिरिरीज), पुसा सरसों 26, पुसा सरसों 27, वाई.एस.एच 0401 (पीली सरसों) एंव आर.जी.एन.145 की व्यवस्था करें।
चना	चने की बुवाई का उपयुक्त समय असिंचित क्षेत्रों में अक्टूबर माह का प्रथम सप्ताह तथा सिंचित क्षेत्रों में 15 से 25 अक्टूबर है अतः चने की बुवाई हेतु खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। उन्नत किस्मों जैसे सी. 235, आर.एस.जी. 44, जी.एन.जी. 663 वरदान, जी.एन.जी. 2144 तीज, जी.एन.जी. 2171 मीरा, जी.एन.जी. 1488 संगम एंव आर.एस.जी. 896 की व्यवस्था करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
बेर	वर्तमान मौसम की स्थिति बेर के पौधे में फल मक्खी कीट के हमले के लिए अनुकूल है। इसके नियंत्रण के लिए डाइमेथोएट 30% ईसी @ 1.0 मिली या इमिडाक्लोप्रिड 17.8% एसएल @ 0.3 मिली या मैलाथियान 50 ईसी @ 1 मिली प्रति लीटर पानी का छिड़काव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पशुओं को थनेला रोग से बचाने के लिए दूध निकालने की पूर्ण हस्त विधि का उपयोग करें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	जहाँ खरीफ की फसले परिपक्व अवस्था में हों वहाँ फसल की कटाई कर खेत खाली करें व सरक्षित नमी में सरसों व चने की बुवाई हेतु खेतों की तैयारी करें। रबी फसलों की तैयारी के लिए खेत की जुताई करने के तुरंत बाद पाटा अवश्य लगाएं ताकि मिट्टी से नमी का ह्रास न हो।